# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२०२७

| कक्षा:-पाँचवीं | विषय: हिंदी व्याकरण | पाठ: सर्वनाम |
|---|---|---|

**परिभाषा:**जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं वे सर्वनाम कहलाते हैं।

**जैसे:-** मैं, तुम, तुम्हारा, उसका, इसे, इनका, वह, यह, कोई, कुछ आदि।

**सर्वनाम के भेद:-** सर्वनाम के छह भेद होते हैं।

१. पुरुषवाचक सर्वनाम
२. निश्चयवाचक सर्वनाम
३. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
४. प्रश्नवाचक सर्वनाम
५. संबंधवाचक सर्वनाम
६. निजवाचक सर्वनाम

१. **पुरुषवाचक सर्वनाम:-**

उदाहरण:- क) मैंने अपना गृहकार्य कर लिया है।

ख) हम खेलने जा रहे हैं।

ग) उसे प्रथम पुरस्कार मिला।

२. **निश्चयवाचक सर्वनाम:-**

उदाहरण:- क) <u>यह</u> मेरा घर है।

ख) <u>वह</u> मेरी साइकिल है।

३. <u>अनिश्चयवाचक सर्वनाम</u>:-

उदाहरण:- क) चाय में <u>कुछ</u> पड़ा है।

ख) दरवाज़े पर <u>कोई</u> आया है।

४. <u>प्रश्नवाचक सर्वनाम:-</u>

उदाहरण:- क) तुम <u>क्या</u> पढ़ रहे हो?

ख) मेला देखने <u>कौन</u> जा रहा है?

५. <u>संबंधवाचक सर्वनाम:-</u>

उदाहरण:- क) <u>जो</u> दौड़ेगा <u>सो</u> पहुँचेगा।

ख) <u>जैसा</u> करोगे <u>वैसा</u> भरोगे।

६. निजवाचक सर्वनाम

उदाहरण:- क) विवेक अपना कमरा <u>अपने-आप</u> साफ़ करता है।

ख) माँ मैं <u>स्वयं</u> पेंसिल खरीद लाऊँगी।